हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार, 31 दिसंबर, 2023



# अयोध्या में पकेगा नांदगांव का चावल, एक ट्रक भरकर मिलर्स ने भेजा 30 टन सुगंधित चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी अब अंतिम चरण पर पहुंच गई है। प्राण प्रतिष्ठा में हर प्रदेश अपनी भागीदारी के लिए वस्तु भेज रहा है। इसी तरह राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से भी चावल भेजा गया है। प्रदेश के बाकी जिलों की तरह ही इसमें राजनांदगांव से भी भेजा गया चावल शामिल है।

बताया गया कि प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर जुटने वाले लाखों लोगों के लिए भंडारा भी कराया जाएगा। इसके लिए प्रदेश से चावल भेजा गया है। जिसमें राजनांदगांव का भी बड़ा हिस्सा शामिल है। राजनांदगांव के राईस मिलर्स ने एक ट्रक भरकर 30 टन सुगंधित चावल अयोध्या भेजा है। इतने चावल से दो लाख से अधिक लोगों का पेट भरा जा सकता है।



### सभी मिलर्स ने दिया अपना योगदान

बताया गया कि आयोध्या भेजने के लिए जिले के सभी मिलर्स ने अपना योगदान दिया है। एक प्रकार का ही 30 टन चावल आयोध्या भेजा गया है। यह चावल रायपुर से अयोध्या गया है।

### कल तक पहुंचेगा अयोध्या

राजनांदगांव राईस मिल संघ के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि जिले के सभी मिलर ने मिलकर 30 टन चावल भेजा है। संभावना के मुताबिक सड़क मार्ग होकर चावल की यह खेप कल यानि 1 जनवरी तक अयोध्या पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश से 3000 क्विंटल सुगंधित चावल भेजा गया है।

## बाइक पेड़ से टकराई एक मृत, एक घायल

**राजनांदगांव।** एक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस घटना में एक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना की सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बोरतलाब थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाइक में सवार होकर छिंदीजोब निवासी चंद्रपाल उइके छिंदीजोब से पीटेपानी मंडई देखने गया हुआ था। मंडई देखने के बाद एक युवक के साथ बागरेकसा चला गया था। वापसी में बागरेकसा से अपने घर छिंदीजोब आ रहा था। इस दौरान पीटेपानी दूधपानी मोड के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। जिससे चंद्रपाल की घटनास्थल पर मौत हो गई। पीछे बैठा युवक घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।


बरडिया ज्वेलर्स प्रा.लि.
राजनांदगांव
☎ 07744-407161
चांदी के बर्तन व सिक्का प्योर
पार्किंग सुविधा उपलब्ध है

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि: स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

NN COMPUTER SHOP
में आज की पेपर कटिंग लाने पर
यहां ऑफर केवल 3 दिनों के लिए
Market Price ₹ 25,000/- वाला
SUNDAY OPEN
i5 LAPTOP
8 GB RAM | 256 GB SSD
Only ₹14,900/-
With Warranty
Refurbished
Market Price ₹13,900/- वाला
बहुत ही सस्ते दर में
2 CAMERA SET
₹ 10,900/-
Market Price ₹ 15,000/- वाला
NEW CORE i5 COMPUTER SET
₹ 9,900/-
Market Price ₹ 15,000/- वाला
SMART LED TV 40"
₹ 11,000/-
Market Price ₹ 11,000/- वाला
SMART LED TV 32"
₹ 8,000/-
Market Price ₹ 600/- वाला
₹ 250/-
12A Cartrage
Market Price ₹ 500/- वाला
64 GB Pen Drive
₹ 250/-
Refurbished Computer With New LED MONITOR
₹ 5,900/-
Refurbished
Market Price ₹ 10,000/- वाला
HP COLOUR PHOTOCOPY WIFI PRINTER
₹ 8,000/-
* प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम एक पीस
*नियम व शर्तें लागू
फायनेंस सुविधा उपलब्ध...
HDB FINANCIAL SERVICES
BAJAJ FINSERV
NN COMPUTER SHOP
अन्नपूर्णा रेंस्टरेंट के सामने, मानव मंदिर चौक, राजनांदगांव
☎ 07744 407622 📱 92000 53819




## खबर संक्षेप



### कथा के अंतिम दिन निकली कलश यात्रा

**पटेवा**। ग्राम इरईकला में आयोजित श्री मद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का गीता सार के साथ समापन हो गया। कथावाचक भगवताचार्य संत निरंजन महराज लिमतरा थे। थानू राम साहू एवं परिजनों द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम नौ दिनों तक चला। कथा सुनने ग्राम के अलावा आसपास के श्रद्धालु पहुंचे। अंतिम दिन विशाल कलश, गीता यात्रा निकाला गया। आयोजक ने भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया।

### श्रीमद भागवत कथा एक तक

**सड़क चिरचारी**। ग्राम तेलीनबांधा में नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम आगामी एक जनवरी तक चलेगा। दोपहर 12 से 5 बजे तक कथा का वाचन भगवती प्रसाद तिवारी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। ग्राम में आगामी 3 जनवरी को मंडई मेला रखा गया है। रात्रि में खोड़वा कुबरा बालोद वालों का नाच होगा।

### अक्षत कलश यात्रा का स्वागत



**डोंगरगढ़**। अयोध्या में राम मंदिर स्थापना को लेकर लोगों को आमंत्रण देने निकली अक्षत कलश का यात्रा का वार्ड 12 में भव्य स्वागत हुआ। शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद यात्रा का स्वागत वार्डवासियों ने आतिशबाजी कर एवं पूजा अर्चना कर किया। यात्रा में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, रमन डोंगरे, जीतू हिरवानी, संतुराव अन्ना, गिरिश साहू, संतोष हटवार सहित अन्य शामिल हुए।

### सफाई के नाम पर लगाया चूना

**डोंगरगढ़**। अछोली काष्ठागार में सफाई एवं घास कटाई के नाम से ढाई लाख का फर्जी बिल बनाकर गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। जिन मजदूरों के नाम से हाजरी भरा गया है वह पहले से ही लकड़ी, बांस, बल्ली की थप्पी लगाने और वाहन लोडिंग का काम कर रहे हैं। इस खेल में प्रभारी के अलावा डिपो के अन्य कर्मचारी शामिल हैं। काष्ठागार के तीनों सेक्टर में सफाई एवं घास कटाई के नाम से निकाली गई इस राशि का सत्यापन मूल्यांकन एसडीओ वन विभाग ने बिना मौका मुआयना किए भुगतान करवा दिया है। एसडीओ पूर्णिमा राजपूत ने काष्ठागार में सफाई एवं घास कटाई के नाम से राशि आहरण करने की बात को स्वीकार किया है। उन्होंने फर्जीवाड़ा होने पर जांच के बाद दोषियों पर कार्यवाही करने बात कहा है।

### दुकानों का आबंटन पांच साल से अटका



**डोंगरगढ़**। नगर पालिका ने लाखों खर्च कर रेलवे चौक से लगे दुर्गा मंदिर के पास फ्रुट मार्केट बनाया है। यहां बनी दुकानें 5 साल से अधिक समय बीतने के बाद भी अब तक आबंटित नही हो सकी है। वर्तमान में दुकानें बंद है। इन दुकानों में रात को शराब, गांजा, जुआ सट्टा के शौकिनों का मजमा लगा रहता है। बंद दुकानों का शटर खोलकर लोग अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते रहते है।

## राशि होने के बाद भी काम कराने में अधिकारी फेल, शहर विकास पर ग्रहण

# खटाई में पड़े 3.50 करोड़ के निर्माण कार्य

## विकास को लेकर सवालों के घेरे में ठेकेदार और जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

लोगों के सुविधा विकास की मांग करने पर जनप्रतिनिधि और अधिकारियों दवरा अक्सर आर्थिक तंगी का रोना रोया जाता हैं किन्तु नगर में ठीक विपरित स्थिति दिखाई दे रही हैं। स्थानीय नगर पंचायत में विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि है किन्तु काम कराने की इच्छाशक्ति नहीं होने के कारण करीब 3.50 करोड़ के काम ठंडे बस्ते में चले गए हैं। विधायक दलेश्वर साहू ने बीते सालों में विकास कार्यों के लिए काफ़ी राशि मुहैया कराया जिसका भी उपयोग नहीं हो सका है।

राज्य में कांग्रेस सरकार बनने के बाद विधायक दलेश्वर साहू ने अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए काफ़ी धन स्वीकृत कराया था। नगर पंचायत के तत्कालीन अधिकारी इसे खर्च ही नहीं कर पाए जिसके चलते कोई एक दर्जन से अधिक विकास कार्य खटाई में पड़ गए हैं। हैरानी वाली बात यह हैं कि अधिकाशं काम बीते चार से पांच सालों से लंबित हैं जिसकी ओर समीक्षा बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों का भी ध्यान नहीं गया।

### ठेकेदारों ने लगाया पलीता

शहर के विकास को ग्रहण लगाने में नगर पंचायत के ठेकेदार भी कोई कसर नही छोड़ रहे हैं इसके बाद भी प्रशासन उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं ले पा रहा है। जानकारी के अनुसार अधोसंरचना मद से वर्ष 2019-20 में करियाटोला मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग के लिए 1.50 लाख, वार्ड 2 में मोनू सोनी के घर से धनवा घर तक आरसीसी नाली 2. 18 लाख, वार्ड एक में में रोड से बोरकर घर तक आरसीसी नाली 1.99 लाख, वार्ड 9 में समसाई के घर से रंभा घर तक आरसीसी नाली 98 हजार, वार्ड 4 में भरत चौधरी के घर से शैलेन्द्र चुना वाले के घर तक आरसीसी नाली के लिए 4.97 लाख की स्वीकृति मिली थी। वर्ष 2021- 22 में वार्ड सात में प्रेम महार के घर से भोला चक्रधारी के घर तक आरसीसी नाली के कार्य को ठेकेदार ने अब तक शुरू नहीं किया।

### नेताओं की चुप्पी से नुकसान

जानकारी के अनुसार वर्ष 2022- 23 में अधोसंरचना मद से चंडी मंदिर से बशीर घर तक डामरीकरण के लिए 11.15 लाख, मंडल घर से बूंद्वा वर्मा के घर तक पीसीसी रोड 1.86 लाख, गंगा भंडारी के घर से दूजे निर्मलकर घर तक पीसीसी रोड 1.84 लाख, राजू राजेंद्र के घर से दुर्गा मंदिर चौक तक सड़क 9.83 लाख, योगेश डोसा से सोसायटी तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5.80 लाख की मंजूरी मिली थी। यह सभी निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सके है हैरानी वाली बात यह है कि इस मामले नगर पंचायत के निर्वाचित जन प्रतिनिधि चुप्पी साधे हुए हैं।




### एक ठेकेदार तक नहीं मिला

जानकारी के अनुसार विधायक साहू ने शहर के गंदे पानी के निस्तारण और उसे तालाब में जाने से रोकने के लिए साल 2018- 19 में 250.70 लाख की लागत वाला वाटर ए स्टाप डेन नाला निर्माण स्वीकृत कराया था। बीते छह सालों में इसका बनना तो दूर निविदा प्रक्रिया भी पूरी नहीं हो सकी हैं। नगर प्रशासन ने चार बार निविदा आमंत्रित किया किन्तु कठिन शर्तों के चलते किसी भी ठेकेदार ने इस काम को करने में रूचि नहीं दिखाया।

### नहीं हटा सके रोड़ा

जानकारी के अनुसार सूडा से वर्ष 2019- 20 में वार्ड 4 में हाट बाजार निर्माण के लिए 39.43 लाख की मंजूरी मिली थी। टेंडर होने के बाद नगर पंचायत ने वर्क आर्डर भी जारी कर दिया था किन्तु जमीन खाली नहीं करवाने के कारण निर्माण शुरू नहीं हो सका और बाद में टेंडर निरस्त कर दिया गया। हाट बाजार के नहीं बनने से शहर का पूरा व्यापार चौपट हो गया परन्तु अब तक निर्माण को दोबारा शुरू करने की पहल नहीं जा रही है। इसी प्रकार वार्ड 3 के मुक्तिधाम विकास और सौंदर्यीकरण, वार्ड 6 में चंदेल के घर तक 14 वित्त मद से 3.72 लाख की लागत से बनने वाली आरसीसी नाली का काम सालों से लंबित हैं। जानकारी के अनुसार शहर में 358.87 लाख के ऐसे काम हैं जो मंजूरी मिलने के सालों बाद भी शुरू नहीं हो सके हैं।

### शहर में विधायक को बड़ा नुकसान



हाल ही संपन्न विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस प्रत्याशी दलेश्वर साहू को शहर में बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। उन्हें शहर के सभी 13 बूथों में पराजय का सामना करना पड़ा। इस परिणाम के लिए नगर पंचायत के तत्कालीन अधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार रहे हैं जो लोगों की अपेक्षा और विधायक की मंशा अनुरूप काम कराने में पूरी तरह फेल रहे और लोगों के कोप भाजन का शिकार विधायक को होना पड़ा।

### समीक्षा की जाएगी



शहर और लोगों की जरूरत को देखते हुए विकास का खाका तैयार किया जाएगा और फिर भाजपा सरकार की मदद से शहर में कार्य कराए जाएंगे। अब तक केवल कार्य स्वीकृति का दावा किया गया किन्तु काम कराने की मंशा थी नहीं जिसके चलते काम लंबित रहे। अब जनता की अपेक्षा को धरातल में उतारने का सार्थक प्रयास होगा। - **दिनेश गांधी**, पूर्व अध्यक्ष जिपं

# गोष्ठी में डॉ. यादव का व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



संस्कृति परिषद भोपाल की ओर से जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी भोपाल ने घुमन्तु समुदायों की भाषिक संपदा विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में 35 शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किया। मांडवगढ़ में आयोजित शोध संगोष्ठी का उद्घाटन पद्मश्री अंविता अब्बी नई दिल्ली ने किया। अध्यक्षता अकादमी के निदेशक डॉ.धर्मेंद्र पारे ने की। दूसरे दिन के द्वितीय सत्र की अध्यक्षता नगर के साहित्यकार डॉ.पीसी लाल यादव ने किया और अपना व्याख्यान दिया। डॉ. यादव ने छत्तीसगढ़ की घुमन्तु जाति देवार की भाषिक सम्पदा पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि देवार बड़ी कला प्रवीण जाति है और उनकी भाषा बड़ी समृद्ध है। देवार जाति की भाषा जन भाषा से भिन्न है। यह सामान्यतया छत्तीसगढ़ी भाषा का प्रयोग करते हैं किंतु जब एक दूसरे से बात करते है, तब उनकी बोली में बड़ा फर्क होता है। यह लोग सांकेतिक शब्दों और कूट शब्दावलियों का प्रयोग करते हैं जिसे अन्य नहीं समझ पाते। समापन समारोह में डॉ. यादव को पद्मश्री गिरीश प्रभुणे, प्रो.मौली कौशल और निदेशक डॉ.धर्मेंद्र पारे ने प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया।

### कॉलेज में अतिथि व्याख्यान संपन्न

**राजनांदगांव**। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक अमरनाथ निषाद के निर्देशन में अतिथि व्याख्यान का आयोजन गत 5 दिसंबर को किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई के वनस्पति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. पंकज कुमार जैन ने एंथ्रोपोजेनिक इंपैक्ट ऑन एमटिक इकोसिस्टम पर व्याख्यान दिया। डॉ. जैन ने छात्राओं को सर्वप्रथम इकोसिस्टम के बारे में विस्तार से बताया गया। मानव द्वारा कौन-कौन से क्रियाकलापों द्वारा जलीय जीव-जंतुओं के जीवन को बाधित की जा रही है? इस पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। संपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र पर इसका दूरगामी परिणाम बहुत ही घातक हो रहा है।

# वार्षिकोत्सव में चर्चा के साथ काव्य पाठ

## सम्मेलन में स्मारिका का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरगी



साकेत साहित्य परिषद सुरगी का 24वां वार्षिक सम्मान समारोह, वैचारिक गोष्ठी एवं कवि गोष्ठी का आयोजन अटल समरसता भवन में किया गया। कार्यक्रम तीन सत्र में रखा गया। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और अतिथियों के स्वागत पश्चात प्रथम सत्र में वैचारिक गोष्ठी अंतर्गत छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य में उलटबासी और लोक साहित्य में व्यंग्य की परंपरा पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। प्रथम सत्र की अध्यक्षता लेखक विनोद साव दुर्ग ने की। विशिष्ट अतिथि राजशेखर चौबे, महेन्द्र ठाकुर, आत्माराम कोशा, तजिंदर सिंह भाटिया, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा थे। आधार वक्तव्य साहित्यकार कुबेर सिंह साहू ने दिया। अतिथियों ने साकेत स्मारिका 2023 का विमोचन किया। स्वागत भाषण लखनलाल साहू एवं संचालन महेन्द्र कुमार बघेल ने किया।

### कवियों ने किया काव्यपाठ

तृतीय सत्र में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता साहित्यकार डॉ. शंकर मुनिराय ने किया। कार्यक्रम में अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, वीरेन्द्र तिवारी, महेन्द्र बघेल, गुमान साहू, तजिंदर भाटिया, लखनलाल साहू, कैलाश साहू, राजकुमार चौधरी, ओमप्रकाश साहू, दिलीप साहू, फागूदास कोसले, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, कुलेश्वर साहू, फकीर साहू, थनवार निषाद, पवन यादव, मदन मंडावी, बलराम सिन्हा, डोहरदास साहू, शिवप्रसाद लहरे, याददास साहू, आनंद सार्वा, देवनारायण, देवगुलाब जोशी, युनुस, कोमल सिंह, भूखन वर्मा, राजेश जगने, कन्हैया मेश्राम आदि ने काव्य पाठ किया। संचालन वीरेन्द्र तिवारी एवं पवन यादव और आभार प्रदर्शन अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा ने किया।

### साहित्यकारों का सम्मान

द्वितीय सत्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सत्र में अतिथि के रूप में सरपंच आनंदराम साहू और पूर्व जिला पंचायत सदस्य मधु सुकृत साहू और कांग्रेस नेता तुकजराम साहू की उपस्थिति रही। साहित्य सम्मान से राजकुमार चौधरी व साकेत लोक कला सम्मान से जसगीतकार दयालूराम साहू को सम्मानित किया गया। सम्मान पत्र का वाचन मदन मंडावी और पवन यादव ने किया। संचालन ओमप्रकाश साहू व आभार प्रदर्शन भूखन वर्मा ने किया।

### ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव प्रदर्शन

**राजनांदगांव**। कलेक्टर डोमन सिंह ने गत दिनों शासकीय सर्वेश्वर दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया छिड़काव प्रदर्शन का अवलोकन किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि बिसेशर साहू, उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे, सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पांडे ने बताया कि ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक, तरल उर्वरक डीएपी एवं फंगस नाशक का छिड़काव आसानी से किया जा सकता है। ड्रोन के उपयोग से मजदूरी एवं परिवहन का खर्च बचेगा तथा पौधों के उर्वरक क्षमता में वृद्धि होगी।

# पुरवाही के अध्यक्ष बने ग्वालाप्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला



पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा के पदाधिकारियों का मनोनयन 28 दिसंबर को साहित्यकार कोमल सिंह गुरू के निवास पर किया गया। इस मौके पर आयोजित बैठक में आगामी गतिविधियों की कार्ययोजना बनाई गई। जनवरी से जुलाई तक मासिक काव्य गोष्ठी आयोजित करना तय किया गया। मीडिया प्रभारी अमृतदास साहू और राजेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि नई कार्यकारिणी में संयोजक ओमप्रकाश साहू, सलाहकार अरविंद लाल, रामकुमार चंद्रवंशी, संरक्षक शेरसिंह गोड़िया, लेखराम वर्मा, अध्यक्ष ग्वाला प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष रमेश मंडावी, कोमल सिंह गुरू, सचिव हेमलाल सहारे, सह-सचिव जसवंत सिन्हा, कोषाध्यक्ष नंदकुमार साहू, संगठन मंत्री शिवप्रसाद लहरे, युनुस अजनबी, प्रचार सचिव दुर्गेश सिन्हा, मीडिया प्रभारी अमृतदास साहू, राजेन्द्र कुमार साहू को बनाया गया। सदस्यों में दिनेश कुरेटी, प्रहलाद मिश्रा, बेदराम पटेल, पदमा साहू, जय देशलहरे, भूखन वर्मा, उमेश यादव, होरीलाल भुआर्य, नरसिंह मंडावी, गगन सिंह शामिल हैं।

### हरनसिंघी मंडई 2 को

**डोंगरगढ़**। विकासखंड के ग्राम हरनसिंघी में 2 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन एवं 3 जनवरी को सुबह 10:00 बजे से ग्राम चिखली बंधा वालो का शानदार छत्तीसगढ़ी नाच का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें ग्राम सरपंच शीशपाल कंवर, ग्राम पटेल जीवन कौशल आयोजक समिति के सदस्य रोहित चंद्रवंशी, पूनम साहू, रंजीत यादव, सतीश मांडवी, आदि ने अंचल के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

# केन्द्र की योजनाओं से वाकिफ हुए ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन गत दिनों ग्राम पंचायत लालटोला में जिला भाजपा उपाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद डडसेना के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक ग्रामीणों को भारत सरकार के 200 से अधिक योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव, कांति साहू, सरपंच महेश चंद्रवंशी, कृष्णालाल धनकर, संतोष चंद्रवंशी, अनिता पाल, रमेश धनकर, अक्तूराम बंजारे, प्यारेलाल, चन्द्रकिशोर, रजनी नागेश्वर खेमिनबाई यादव, हिरजाबाई, देवकीबाई, शबाना खान, यशोदा सिन्हा आदि शामिल हुए। अंत में आभार प्रदर्शन आसराम कंवर ने किया।

### बजरंगीडीह मंडई आज

**सड़क चिरचारी**। ग्राम बजरंगीडीह में कल 31 दिसंबर को मंगई मेले का आयोजन किया गया है। रात्रि में छतीसगढ़ी लोक नृत्य प्रेम सुमन नाच पार्टी बेंदाडी की प्रस्तुति होगी। ग्रामीणों ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### आम सूचना

दिनांक : /12/2023

सर्वसाधारण को एदत द्वारा विहित हो कि मेरे मनोज वरकुटी आ. श्री कुमार वरकुटी उम्र 33 वर्ष जाति तेली, निवासी- संतोषी माता मंदिर, गोवा कालोनी मंगवारी नागपुर, तहसील व जिला नागपुर (महाराष्ट्र) ने विक्रेता श्री राजेश नंदेश्वर पिता श्री दुकालूराम नंदेश्वर उम्र 52 साल जाति महार, निवासी- कालकापारा, वार्ड नं. 9, उपर मंदिर रोड डोंगरगढ़, तहसील- डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) से उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा नं. 383 रकबा 6.24 एकड़/ 2.525 हेक्टेयर में से 1.90 एकड़ जो ग्राम करवारी पटवारी हल्का नं. 22 रा.नि.म. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा भी दिनांक 22/04/2022 को निष्पादित कराया गया हैं। मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त भूमि (प्लाट) के संबंध में माननीय श्रीमान अपर न्यायाधीश महोदय डोंगरगढ़ के समक्ष व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया था। उक्त व्यवहार वाद में मेरे पक्षकार के पक्ष में निर्णय एवं डिक्री प्रदान की गयी हैं।

मेरे पक्षकार के द्वारा माननीय श्रीमान अपर जिला न्यायाधीश महोदय के निर्णय एवं डिक्री के विरूद्ध एक सिविल अपील रजिस्ट्रेशन न. 45/2023 माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया हैं जो माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में विचारण हेतु लम्बित हैं।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में उक्त वाद ग्रस्त भूमि के संबंध में प्रस्तुत सिविल अपील के लम्बित रहते किसी व्यक्ति के द्वारा कोई भी ईकरार नामा विक्रय पत्र अथवा कोई भी लेनदेन किया जाता हैं तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

सो सूचना जाने।

**एन्थोनी फिलिप** (एड्वोकेट)
आदर्श नगर, वार्ड न. 20 डोंगरगढ़
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

# जिले में ढाई सौ जवान संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था हुड़दंग पर नजर रखेगी दर्जनभर पेट्रोलिंग टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चल रहे वर्ष की बिदाई और नववर्ष के स्वागत में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई आयोजन किए जाने की तैयारियां हैं, जिसे लेकर पुलिस अलर्ट है। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था हेतु 250 से अधिक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। इसके अलावा चौक-चौराहों, होटल, रेस्टोरेंट, रिसोर्ट व सार्वजनिक भवनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को देखते हुए 12 वाहन पेट्रोलिंग पार्टी एवं 45 फिक्स पिकेट ड्यूटी हेतु बल लगाई गई है।

पुलिस के अनुसार मोटर साइकिल पर 2 से अधिक सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं हुड़दंगियों पर नजर रखी जाएगी। लोगों से यातायात नियम का पालन करने अपील की गई है। 31 दिसंबर को नए वर्ष 2024 के पूर्व एवं आगमन के पश्चात सुबह तक नागरिकों द्वारा हर्षोल्लास के साथ नववर्ष मनाया जाएगा। इस दौरान नगर एवं महत्वपूर्ण चौराहों, होटलों, रेस्टोरेंट तथा सार्वजनिक, सामाजिक भवनों में नववर्ष के आगमन के स्वागत में मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा रात्रि में नगर में भीड़ का माहौल रहेगा।

- नशीला पदार्थ मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई
- तीन सवारी के खिलाफ भी होगी कार्रवाई
- तैनात रहेगा बल



फाईल फोटो

### इवेन्ट स्थलों पर सीसीटीवी लगाने निर्देश

पुलिस अधिकारियों ने इवेंट स्थलों में आयोजकों को पर्याप्त रौशनी एवं सीसीटीवी लगाने को कहा है। सभी आयोजक कोलाहल अधिनियम का पालन सुनिश्चित करेंगे। मोटर साइकिल पर 2 से अधिक सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। लोगों से यातायात नियम का पालन सुनिश्चित करने कहा गया है। किसी भी अप्रिय घटना घटित होने पर निकटतम थाना को सूचित करें या 112 पर डायल करें।

### अधिकारियों को दी जिम्मेदारी

शहर के संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी एएसपी राहुल देव शर्मा, सीएसपी अमित पटेल एवं यातायात प्रभारी डीएसपी हेमप्रकाश नायक रहेंगे। डोंगरगढ़ के संपूर्ण प्रभारी एसडीओपी आशीष कुंजाम रहेंगे और डोंगरगांव के सम्पूर्ण प्रभारी डीएसपी दिलीप सिसोदिया रहेंगे। इस दौरान राजनांदगांव शहर के कोतवाली, बसंतपुर, चिखली, लालबाग, सोमनी थाना क्षेत्र एवं डोंगरगांव थाना क्षेत्र तथा डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र व मां बमलेश्वरी नीचे एवं ऊपर मंदिर में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था हेतु विभिन्न आयोजन स्थलों व चौक-चौराहों में 45 फिक्स पिकेटस एवं 12 वाहन पेट्रोलिंग बल तैनात किए गए हैं। जिसमें राजपत्रित अधिकारियों सहित निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक ड्यूटी करेंगे।

### पुलिस बल रहेंगे तैनात

जिसे देखते हुए एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने व असामाजिक तत्वों एवं शराबियों द्वारा अपराधिक घटनाएं करने, तेज वाहन चलाने, छेड़छाड़ एवं मारपीट जैसी घटनाएं घटित न हो, को ध्यान में रखते राजनांदगांव शहर, डोंगरगढ़ मंदिर, सोमनी, डोंगरगांव थाना क्षेत्रों में 250 से अधिक अतिरिक्त पुलिस बल व्यवस्था लगाई गई है।

## सार समाचार



### कलश यात्रा निकाली गई

**राजनांदगांव।** शहर में राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह गृह संपर्क अभियान के तहत हर बस्ती में कलश यात्रा निकाली गई। वर्धमान नगर बस्ती में कलश यात्रा लेटे हनुमान मंदिर शक्तिनगर से निकली गई] जो 18 एकड़ वर्धमान नगर, खंडेलवाल कॉलोनी, पंचशील कॉलोनी, ममता नगर गली नंबर 5 होते हुए कालिका चौक में रोड, ममता नगर से पूनम कॉलोनी मंदिर में स्थापित की गई। विधि-विधान से पंडित मोहन दुबे द्वारा मंत्रोच्चार से कलश की स्थापना की गई। जिसमें राम, लक्ष्मण, माता सीता की झांकी खुले जीप में स्थापित होकर महिलाएं पीली साड़ी तथा पुरुष पीले कुर्ते में कलश यात्रा की शोभा बनाते रहे। भजन करते, गाते झूमते रहें। जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत किया गया है।

### आलोक का प्रांतीय अधिवेशन आज

**खैरागढ़।** अखिल भारतीय लोधी अधिकारी-कर्मचारी संघ का प्रांतीय अधिवेशन और प्रतिभा सम्मान समारोह का आज भिलाई में होगा। संघ के जिलाध्यक्ष गैंदकुमार वर्मा ने बताया कि भिलाई सेक्टर वन के छत्तीसगढ़ सदन में आयोजित अधिवेशन में प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ लोधी समाज के प्रदेश प्रमुख भी विशेष रूप से शामिल होने होंगे। कार्यक्रम में लोकेश कुमार लिल्हारे जीएसटी कमिश्नर मध्यप्रदेश द्वारा कैरियर गाइडेंस को लेकर मार्गदर्शन देंगे। अधिवेशन में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, राजस्थान से भी समाज के अधिकारी कर्मचारी पदाधिकारी उपस्थित होंगे। अधिकारी कर्मचारी प्रदेश प्रमुख अशोक कुमार वर्मा, पूरन वर्मा, देवेंद्र कौशिक, अक्षय वर्मा, जतन दमाहे, भुवनेश्वर कुतरिया,राधा वर्मा, नरेश कुमार पटेल, चित्रण पटेल, विद्या वर्मा, दीपक जंघेल, चुरावण चंदेल, दिनेन्द्र चंदेल अधिवेशन व सम्मान समारोह का संचालन करेंगे।

### नए साल से खैरागढ़ प्रीमियर लीग का आगाज

**खैरागढ़।** हर साल की तरह इस साल भी नए साल से फतेह मैदान में खैरागढ़ प्रीमियर लीग की शानदार शुरूआत होगी। नेशनल कांग्रेस वर्कर कमेटी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष नदीम मेमन, युवा टीम व खेल प्रेमियों के सहयोग से लीग आयोजित होगी। जिसमें शहरी शहरी पुल के मैच में प्रथम पुरुष्कार 1,01,000 व द्वितीय पुरुस्कार 51,000 और ग्रामीण पुल में प्रथम पुरुष्कार 51,000 रूपए व द्वितीय पुरुष्कार 25,000 रूपए रखा गया है, इसके साथ ही मैन ऑफ द सीरीज शहर के लिए 40 इंच और ग्रामीण के लिए 32 इंच का एलईडी टीवी सहित बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट फील्डर, बेस्ट कैच, बेस्ट कीपर व बेस्ट दर्शक सहित अनेक प्रकार का पुरुस्कार रखा गया है। टूर्नामेंट में शहरी पुल के लिए 5,100 और ग्रामीण पुल के लिए 3,100 रूपए का प्रवेश शुल्क अंतिम तिथि 1 जनवरी तक रखा गया है। ग्रामीण पुल में केवल जिले के टीमों को शामिल किया जाएगा तो शहरी पुल में प्रदेश सहित अन्य राज्यों की टीमों को शामिल किया जाएगा। टूर्नामेंट आयोजक नदीम मेमन ने बताया कि युवाओं मे क्रिकेट के प्रति एक अलग उत्साह और जोश रहता है, जिसे देखते हुए हम प्रतिवर्ष आयोजन को कराते है और इस बार यह आयोजन ज्यादा होगा। समिति सदस्य खुमेश रजक ने कहा कि तैयारिया जोर शोर से जारी है, इस दफे टूर्नामेंट जिले में इतिहास रचेगा।

### आयुर्वेद संस्थाओं में राष्ट्रीय कार्यक्रम का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** जिला आयुर्वेद अधिकारी राजनांदगांव डॉ. आरके शर्मा के मार्गदर्शन में जिले की चिन्हाकित दो संस्थाओं के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन द्वारा सुप्रजा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके लिए शासकीय आयुर्वेद औषधालय पदुमतरा एवं शासकीय आयुर्वेद औषधालय सुकुलदैहान का चयन कर इस योजना से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। शासकीय आयुर्वेद औषधालय पदुमतरा की आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. हर्षा दुबे ने बताया कि उत्तम संतान प्राप्ति हेतु गर्भ संस्कार किया जाता है। इससे गर्भस्थ शिशु का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। डॉ. आरके शर्मा ने बताया कि गर्भ संस्कार का उल्लेख प्राचीन आयुर्वेद ग्रंथों में मिलता है।

### खपरीकला में कबड्डी प्रतियोगिता



**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत खपरीकला में प्रभात युवा मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के रूप मे जोगी कांग्रेस जिलाध्यक्ष व घोषित विधानसभा प्रत्याशी शमसुल आलम व अजीत जोगी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बिलाल सोलीन खान व आबिद अली शामिल हुए। अतिथियों ने प्रभात युवा मंडल का आभार जताया।




### विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** ओबीसी मोर्चा राजनांदगांव ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता के साथ आज अध्यक्ष सुकृत दास साहू ने डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। डॉ. सिंह को अपने क्षेत्र की समस्या को रखते मुख्य रूप से सुरगी-हल्दी मार्ग के बारे में अवगत कराते जल्द से बनवाने निवेदन किया गया।

### युवक फांसी पर झूला

**राजनांदगांव।** एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमनी निवासी त्रिभुवन निषाद 27 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बीती शाम हुए इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घुमका में मनाई गई अटल की जयंती



**राजनांदगांव।** घुमका में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। मंडल भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी, घुमका मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष शांति निर्मलकर, घुमका मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू व महामंत्री सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। स्व. अटल की जयंती पर संगोष्ठी से पूर्व सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल के योगदान को लेकर प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माण का श्रेय उन्हें ही जाता है। उन्हें राजनीति में शुचिता और सामंजस्य के लिए जाना जाता है। वे भले ही भारतीय जनता पार्टी का चेहरा रहे, लेकिन दूसरे दलों में भी उनकी स्वीकार्यता थी।

# कॉलेज में वीर बाल दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के निर्देशन व मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर द्वारा पीपीटी के माध्यम से बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह की शहादत से संबंधित तात्कालिक घटनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया गया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने वीर बाल दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते कहा कि यह दिवस बच्चों में चुनौतियों का सामना करने, अन्याय एवं प्रतिकूल स्थितियों का साहस के साथ सामना करने की प्रवृत्ति उत्पन्न करेगा।

बौद्धिक परिचर्चा में भाग लेते प्राध्यापक गुरप्रीत सिंह भाटिया ने वीर बालकों की शहादत को याद करते कहा कि ये तात्कालिक समय की अत्याचार की पराकाष्ठ को प्रदर्शित करता है। डॉ. सुरेश पटेल ने वीरों की याद में काव्य पाठ किया। डॉ. बीएन जागृत ने कहा कि न केवल सिक्खों अपितु मराठों और अन्य कौमों ने उस समय के अत्याचार के खिलाफ शहादत दी। जिनकी कुर्बानियों को देश नहीं भूला सकता और आज हम इस दिवस के माध्यम से उन वीर पुत्रों की शहादत को याद कर रहे हैं, जो हमारे युवाओं के लिए भी प्रेरणा है। छात्रा इश्वरी शर्मा ने कहा कि शहादत की ये घटना हमें कई



संदेश देती है। महाविद्यालय के छात्र-छात्रों विनय वासनिक, डोली साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

बौद्धिक परिचर्चा तथा भाषण के बाद प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा प्रश्न पूछकर उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रश्नोत्तरी में शिवक यादव, मंजू साहू, डोली साहू, ईश्वरी शर्मा, आयुषी सिंह, यामिनी साहू, विनय वासनिक, अंसराज सिंह काटिया, चांदनी राजपूत, जया देवांगन ने प्रश्नों का सही जवाब दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक अध्यापक, अतिथिजन, भागीदारी, स्ववित्तीय शिक्षक, कर्मचारी विद्यार्थी, एनसीसी, एनएसएस के कैडेट उपस्थित थे। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. मीना प्रसाद ने अंत में आभार प्रकट किया।

# फसल बीमा पंजीयन अंतिम तिथि आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी 23-24 के लिए जिले में 26 हजार 340 किसानों ने फसल बीमा कराया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कृषि विभाग, बैंक, सहकारी समिति के अधिकारियों को योजना के प्रावधान ज्यादा से ज्यादा किसानों को शामिल करने निर्देशित किया जिसके चलते 26 हजार 340 किसानों का पंजीयन करके 39 हजार 620 हेक्टेयर रबी फसल का बीमा करने के बाद कृषक प्रीमियम राशि 225 लाख बीमा कंपनी को प्रेषित भी हो गया है।

कृषि विभाग के उप संचालक राजकुमार सोलंकी ने बताया की जिले के 410 ग्रामों के अधिसूचित फसलों को जोड़ा गया है जिसमें गेंहू



सिंचित, गेंहू असिंचित, चना, अलसी एवं सरसों फसल बोने वाले किसान मौसम की अनिश्चिताओं को देखते हुए अपनी फसलों का बीमा कराकर सुरक्षा सुनिश्चित कर लें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत बीमा के लिए प्रीमियम राशि दर कृषक द्वारा 630 रूपए गेंहू सिंचित और 345 रूपए गेंहू असिंचित प्रति हेक्टेयर की दर से देय है। इसी प्रकार चना, अलसी, सरसों फसल के लिए भी प्रति हेक्टेयर की दर से प्रीमियम निर्धारित है। राजकुमार सोलंकी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि फसल बीमा की अंतिम तिथि रविवार 31 दिसंबर तक निकटतम बैंक शाखा ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, सेवा सहकारी समितिया, लोकसेवा केन्द्र, भारत सरकार की बीमा पोर्टल के माध्यम से फसल का बीमा कराकर मौसम की अनिश्चितता के चलते फसल की वजह से आर्थिक नुकसानी से बच सके। उन्होंने योजना के संबंध में जानकारी के लिए कृषि अधिकारी अथवा राजस्व अधिकारी, बैंक एवं बीमा कंपनी से संपर्क करलने कहा है।

# मोपेड में कर रहा था शराब का अवैध परिवहन, पुलिस ने पकड़ा

**राजनांदगांव।** मोपेड में अवैध रूप से बड़ी मात्रा में शराब रखकर परिवहन किए जाने की सूचना पर पुलिस ने नाकेबंदी कर आरोपी को धरदबोचा। जिससे 148 पौवा देशी शराब बरामद किया गया है। तुमडीबोड पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार 30 दिसंबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना




प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति एक सफेद रंग की स्कूटी में अवैध रूप से शराब रखकर परिवहन कर रहा है।

### तालाब के पास की नाकाबंदी

इस सूचना पर पुलिस चौकी तुमडीबोड़ स्टाफ द्वारा ग्राम मचानपार तालाब के पास नाकाबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। मौके पर आरोपी सफेद रंग की होंडा एक्टिवा स्कूटी के पैरदानी वाले जगह में दो प्लास्टिक की भरी बोरी ले जा रहा था। बोरी की तलाशी लेने पर उसमें 148 नग देशी प्लेन शराब कीमती 11840 रुपए मिलने पर वैधानिक कार्रवाई करते आरोपी ऋषि दास मानिकपुरी पिता किसनदास मानिकपुरी 20 वर्ष निवासी अटल आवास मकान नंबर 46 के कब्जे से 148 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 11840 रुपए एवं 1 नग होंडा एक्टिवा स्कूटी को जब्त कर कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी कैलाश मरई, सहायक उपनिरीक्षक अनिल गहिने, आरक्षक कमल नेताम एवं चंद्रशेखर यादव की सराहनीय भूमिका रही है।

# गुरु पर्व वर्ष का समापन आज

**राजनांदगांव।** जिला सतनामी सेवा समिति पं.क्र. 5041 की 18 से 31 दिसंबर तक गुरू पर्व सामाजिक जन जागरण पखवाड़ा अनवरत जारी रखते कल 31 दिसंबर को गुरूपर्व वर्ष 2021 का समापन समारोह डोंगरगढ़ विकासखंड सतनामी सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल व अध्यक्षता पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल व जिला अध्यक्ष सूर्य कुमार खिलारी अध्यक्ष सतनामी समाज रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक रामजी भारती, पूर्व जिला अध्यक्ष लोकनाथ भारती, विवेक वासनिक, चैनदास बांधव, सुदेश मेश्राम, प्राची सौमित्र सोनी आदि उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी डोंगरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सीएल टंडन ने दी।

# मां जीण भवानी महोत्सव 6 से

- सजेगा माता का अलौकिक दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



श्री जीण माता सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा मां जीण भवानी महोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन आगामी 6 एवं 7 जनवरी को स्थानीय जीण धाम उदयाचल प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। यहां मां जीण भवानी का अलौकिक दरबार सजाया जाएगा, छप्पन भोग लगाया जाएगा।

विशेष श्रृंगार के दर्शन का लाभ भक्त माता-बहनें एवं बंधुओं को प्राप्त होगा। 6 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे श्री सत्यनारायण धर्मशाला कामठी लाइन से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जीण धाम उदयाचल पहुंचेगी। श्री जीण माता सेवा समिति के श्याम खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल, अरुण खंडेलवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, दीपक सोनी एवं प्रकाश सोनी के अनुसार 7 जनवरी को दोपहर 2 बजे से संगीतमय मां जीण शक्ति मंगल पाठ का सुमधुर वाचन पुरुलिया निवासी मां भवानी की परम सेविका एवं सुप्रसिद्ध मंगल पाठ तथा भजन गायक शीतल कटारुका द्वारा किया जाएगा। इस दौरान मेंहदी उत्सव , बधाई, चुनरी उत्सव एवं गजरा उत्सव का आनंद भक्तगण प्राप्त करेंगे।

आयोजन समिति के दुर्गा अग्रवाल, दिनेश खंडेलवाल व प्रमोद खंडेलवाल ने बताया कि इस वर्ष पहली बार भजन एवं मंगलपाठ के दौरान सुप्रसिद्ध अभि सावंत ग्रुप द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति आयोजन के आकर्षण का विशेष केंद्र होगी।

आयोजन समिति ने अंचल एवं नगर की धर्मप्रेमी माताओं-बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि इस दिव्य महोत्सव में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

# आज निषाद समाज की मासिक बैठक

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज का मासिक बैठक कल 31 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, नगर पंचायत अध्यक्ष व संरक्षक हीराभाई निषाद, मछुआ कल्याण समिति के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष छगनलाल निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद की उपस्थिति में आयोजित की गई है। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा। जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद ने बैठक में समाज के सभी जिला क्षेत्रीय व पंचगहिया पदाधिकारियों व स्वजातीय बंधुओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# सोमनी में जमीन की अवैध खरीदी-बिक्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डोमन सिंह ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सभी एसडीएम एवं तहसीलदार नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र के कार्यों में गति लाएं। उन्होंने कहा कि नामांतरण एवं बटवारा के प्रकरणों के लिए पटवारी के कार्यों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने तहसीलदार से कहा कि नामांतरण एवं बंटवारा के राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए पटवारी पर नियंत्रण रखें, अच्छी तरह कार्य नहीं करने पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दिशा में कार्यप्रणाली में सुधार लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार फील्ड में सक्रियतापूर्वक कार्य करें।

कलेक्टर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत राजस्व प्रकरणों से संबंधित प्रकरणों का निराकरण करते जनसामान्य को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती राज्यों से आने वाले धान के अवैध परिवहन पर रोक लगाने कोचियां एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई करते धान की जब्ती की कार्रवाई करें। किसानों को धान बिक्री करने में कोई परेशानी नहीं होना चाहिए। उन्होंने अतिक्रमण जिनमें दुर्घटना जोन, जहां अतिक्रमण की वजह से दुर्घटना की संभावना हो एवं ट्रैफिक की समस्या आ रही हो, ऐसे स्थानों पर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने चखना सेंटर पर कड़ी कार्रवाई करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि मेरा परिवार हेलमेट परिवार अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में हेलमेट रखे जाएंगे। ग्राम से कहीं अन्य



### सोमवार को मुख्यालय में अनिवार्य रूप से रहे

कलेक्टर ने कहा कि प्रति सोमवार पटवारी, सचिव एवं राजस्व निरीक्षक मुख्यालय में अनिवार्य रूप से रहेंगे। एसडीएम एवं तहसलीदार उनके कार्यों की समीक्षा करें। कलेक्टर ने कहा कि सोमनी में आबादी भूमि की अवैध खरीदी-बिक्री की शिकायत मिली है। उन्होंने सोमनी में जमीन की अवैध खरीदी-बिक्री के कार्य में संलग्न व्यक्तियों को चिन्हांकित कर तत्काल उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश एसडीएम एवं तहसीलदार दिए। उन्होंने सोमनी के पटवारी के खिलाफ विभागीय जांच करने के निर्देश दिए। आरबीसी 6-4 की राशि का भुगतान 10 दिन के भीतर करने कहा। भू-अर्जन प्रकरणों की राशि को प्राथमिकता देते वितरण कराएं।

स्थान जाने पर ग्रामवासी वाहन चलाते समय सुरक्षा के लिए हेलमेट लेंगे तथा वापस आने पर हेलमेट ग्राम पंचायत कार्यालय में वापस लौटा देंगे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए भूमि का चिन्हांकन एवं आबंटन प्राथमिकता से करें।

# दीवानपारा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

**राजनांदगांव।** शहर के दीवानपारा में रजक परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत यज्ञ ज्ञान सप्ताह के दौरान ध्रुव चरित्र की कथा सुनकर श्रोता भाव-विभोर हुए। वहीं महिला मंडल की भजन प्रस्तुति ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया। भागवत कथा छुरिया भोलापुर से पहुंचे भगवताचार्य पं. प्रेमप्रकाश पांडे के मुखारविंद से किया जा रहा है। सात दिनों तक चलने वाली इस भागवत कथा के दौरान ध्रुव चरित्र की कथा सुनकर श्रोता भाव-विभोर हुए। भगवताचार्य पं. पांडे ने श्रीमद् भागवत की कथा के दौरान ध्रुव चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने ध्रुव के चरित्र के बारे में बताते कहा कि भगवान को प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती है। ध्रुव ने अपने मन में दृढ़ संकल्प कर लिया था कि मुझे भगवान को प्राप्त करना है और उसी संकल्प को ध्यान में रखते वनवास में तपस्या करते भगवान को प्राप्त किया। इस दौरान प्रहलाद चरित्र, कृष्ण जन्मोत्सव, कृष्ण बाल लीला, रुकमणी विवाह, सुदामा चरित्र के बाद हवन पूजन के साथ भागवत कथा का समापन 2 जनवरी को किया जाएगा।



खबर संक्षेप

## श्वेता सोनी नियुक्त निःशक्त कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासकीय निःशक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ प्रांतीय कार्यालय पं.क्र.4470 बिलासपुर के प्रदेशाध्यक्ष सीएम दिक्षित द्वारा श्वेता सोनी ग्रामीण चिकित्सक सहायक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदूर पंडरिया का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति से दिक्षित व कर्मचारी संघ के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी वहीं समस्त विभाग के कर्मचारी को संगठित कर एकजुटता से संघहित में कार्य करेंगे। श्वेता की नियुक्ति पर उनके स्टाफ, परिजन एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।

### सुबह कोहरा से ढंड में बढ़ोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर सहित अंचल में सुबह सुबह कोहरा छाएं होने से ढंड में बढ़ोत्तरी से लोग हलाकान है।

# बारदी व बरदुली में विकास भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

## केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बारदी-बरदुली में विकास भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन का शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणजनों को केन्द्र सरकार की बहुत महत्वकांक्षी योजना लाभ इस कार्यक्रम की शुरूवात देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर देशव्यापी विकास भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी। इस यात्रा में आम नागरिकों से सीधा संपर्क करना, उनमें जन-जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल तक पहुंच प्रदान करना शामिल है। विकास भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी तक ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्रों में आयोजन की जाएगी।



इस यात्रा में प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री किसान, फसल बीमा योजना, पोषण अभियान, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जन औषधि योजना और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाएं चल रही है, इन सभी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्पीत है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि दिनेश चन्द्रवंशी द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी, भारत रत्नीय स्व.अटल बिहारी वाजपेयी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चलचित्र पर माल्यार्पण कर वंदन कर किया गया साथ ही ग्रामीण जन से संबोधन करते हुए केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ ग्रामीणजन तक पहुंचे तथा विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए की केन्द्र सरकार की एक-एक योजना का लाभ पात्रता अनुसार सभी को मिले, कोई भी वंचित रहें। साथ ही ग्रामीण जन की समस्याओं से रूबरू होते हुए आश्वस्थ किए कि आपकी समस्या का निराकरण जल्द से जल्द होगी एवं साथ में ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती जलेश्वरी साहू, रोशन सिंह परिहार, रामप्रसाद चन्द्रवंशी, रामसिंह ठाकुर पूर्व जनपद सदस्य, प्रताप चन्द्रवंशी वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, रमेश शर्मा सचिव, ईश्वर धुर्वे, रामु साहू, सुन्दर चन्द्रवंशी, गणेश साहू, शिवकुमार निर्मलकर, नंदराम साहू, रतिराम चन्द्रवंशी, शिवशंकर चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थें।

# घोरपेण्ड्री में गुरु घासीदास जयंती आज धूमधाम से मनाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी अत्यंत विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम घोरपेण्ड्री में संत बाबा शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ रविवार को मनाया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार सुबह 10 से 2 बजे तक सतनाम रैली डीजे के धून में नगर भ्रमण कर किया जाएगा साथ ही साथ दोपहर 2 बजे विधि-विधान से पूजा-अर्चनाकर ध्वजारोहण तथा पंथी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट जिला पंचायत अध्यक्ष, अध्यक्षता श्रीमती समुद्र सेवाराम कुर्रे जनपद पंचायत अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि नंदलाल चंद्राकर, दिनेश कोसरिया पूर्व अनुसूचित जाति प्राधिकरण सदस्य, महेश चंद्रवंशी पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य साथ ही साथ ग्राम पंचायत सरपंच मनोज जांगड़े एवं समस्त ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित होंगें। वहीं रात्रि कालीन 10 बजे से रंगारंग शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम गोफेलाल गेंदले के छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम की प्रस्तुति होगा जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण व ग्रामवासी गण को भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।

ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को गृह व पंचायत मंत्री बनाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विधानसभा चुनाव परिणाम के 26 दिन बाद व मंत्रीमण्डल गठन कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मंत्री व सदस्यों को विभाग का बटवारा किया गया जिसमे कवर्धा जिले के अंदर दूसरे नंबर मंत्री का दर्जा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को मिला। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के गृह एवं पंचायत मंत्री बनने पर श्री शर्मा को बधाई दी, जिसमें ओमप्रकाश यदु के अगवाई आतिशबाजी कर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल है। कवर्धा विधायक विजय शर्मा को गृह व जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान प्रौंद्योगिकी विभाग दिया गया जिस पर कुण्डा मण्डल अंतर्गत ग्राम पीपरमाटी व आसपास क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मुंह मीठाकर बधाई दी।

## विपत्तिग्रस्त परिवार को चेक वितरण किया



**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे में राजस्व पुस्तक परीपत्र 6-4 के तहत विपत्तिग्रस्त परिवार सहसपुर लोहारा तहसील अंतर्गत ग्राम पावले निवासी ग्राम पंचायत मंधी सुश्री ज्योति निर्मलकर सर्पदंश से मृत्यु हो गया था, जिसका शासन द्वारा चार लाख रूपए स्वीकृत किए गए है। उक्त चेक आवंटन ग्राम पंचायत मंधी में नायब तहसीलदार नागेश कुमार तांजय, बसंत शर्मा, भोला सिंह साहू, जोगीराम साहू, गौकरण साहू, सालिक साहू द्वारा वितरण किया गया।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133






## खबर संक्षेप

### रामनगर कवर्धा में भागवत कथा 18 से

**कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी कवर्धा नगर के रामनगर में भव्य श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा इस धार्मिक आयोजन की जोरदार तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में आयोजन समिति के कार्यकर्ता माखन, ज्योति, प्रेमलता, उमा, मंदाकनी, सत्यवती, निर्मला, चन्द्रवती, संतोषी, रानी, पिंकी, राधिका, अनीता, फिरो बाई आदि ने बताया कि कवर्धा के वार्ड क्रमांक 2 रामनगर स्थित शिव चौक दुर्गा मंच में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 18 जनवरी 2024 से 24 जनवरी 2024 तक श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास पं रमेश तिवारी (रामू महाराज) द्वारा प्रतिदिन सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक तथा दोपहर 3.00 बजे से हरी इच्छा तक भागवत कथा का श्रवणपान श्रोतओं को कराएंगे। आयोजन में उप व्यास के रूप में पं लक्ष्मण तिवारी विराजमान रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि भागवत कथा का शुभारंभ 16 जनवरी को कलश यात्रा, वेदी पूजन तथा माहात्मय के साथ किया जाएगा।

### प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 17 फरवरी को

**कवर्धा।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव महराजपुर में कक्षा 6वीं में अनु. जनजाति की 28, अनु. जाति की 5 व 2 अन्य सीट रिक्त है। वहीं कक्षा 9वीं में अनु. जनजाति व अनु. जाति की 2-2 सीट रिक्त है। इन सीटों पर सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 17 फरवरी 2024 को 11 बजे से होगी। इसके लिए निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र 5 फरवरी तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर में जमा करना होगा। प्रवेश के लिए सत्र 2023-24 के परीक्षा (5वीं / 8वीं) में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रा को ही पात्रता होगी।

### एनसीसी अधिकारी जेपी सिंह कार्य मुक्त

**कवर्धा।** 27 वर्षों की सक्रिय सेवाओं के पश्चात एनसीसी अधिकारी जेके सिंह कार्यमुक्त हुए। जिले के कैडेट्स ने भावभीनी विदाई दी। छग राज्य बनने से लेकर आज पर्यन्त तक जिले के समस्त राष्ट्रीय पर्वो व शासकीय सामाजिक कार्यों में एनसीसी कैडेट्स के साथ स्वामी करपात्री जी स्कूल के व्याख्याता व एनसीसी अधिकारी जेके सिंह ने सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया। कैडेट्स ने ढेर सारे पुरस्कार व शील्ड जीते।
इस समयावधि के सैकड़ों कैडेट्स पुलिस व सैन्य सेवाओं में हैं। जिले में सन 1966 से एनसीसी की एक ही इकाई स्वामी करपात्री जी विद्यालय में थी। सन 2005 में पीजी कॉलेज में काफी प्रयासों के बाद एनसीसी प्रारंभ हुई, फिर 2016 में अथक प्रयासों के बाद कृषि महाविद्यालय कवर्धा, शासकीय महाविद्यालय लोहारा, आदर्श कन्या शाला कवर्धा, पिपरिया, खैरबनाकला, राजानवांगांव, बिरकोना, व होली किंगडम स्कूल में एनसीसी की इकाइयां खुलीं। वहीं कुछ वर्ष पहले पूर्व एनसीसी कैडेट्स के लिए कैडेट्स क्लब कवर्धा का गठन किया गया है, जिसमें बहुत सारे पूर्व कैडेट्स जुड़े हुए हैं।

**मेल मुलाकात:** उपमुख्यमंत्री शर्मा ने वनांचल क्षेत्र का दौरा कर वनांचलवासियों से किया सीधा संवाद

# विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के प्रत्येक परिवारों का बनेगा पक्का मकानः डिप्टी सीएम

**अपने दौरा कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने वनांचल क्षेत्र के विकास कार्यो के लिए लगाई सौगातों की झड़ी**

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा शनिवार को दूसरे दिन भी वनांचल क्षेत्र में सघन दौरा किया। डिप्टी सीएम श्री शर्मा सुबह 8 बजे से वनांचल के दौरे पर निकल गए।

सुदूर वनांचल क्षेत्रो के रेंगाखार जंगल से चिल्फी के मुख्यमार्ग पर पड़ने वाले सभी ग्रामो में पहुंचकर वहां के स्थानीय विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति परिवार, किसान, ग्रामीणजन, महिलाएं और युवाओ से सीधा संवाद किया, वही ग्रामीणों की मांग पर सर्व समाज के लिए सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक मंच, सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए घोषणा की। इसके बाद उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा सुदूर वनांचल ग्राम बोक्करखार पहुंचे। उन्होंने ने वनांचल के सिवनीखुर्द, समनापुर, शीतलपानी, बहनाखोदरा, सिवनिकला चिल्फी और बोक्करखार में सभाएं ली।

वनांचलवासियों द्वारा उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया साथ ही लोक पारंपारिक राउत नाचा से भी स्वागत करते हुए मंच स्थल तक लेजाया गया। उन्होंने ग्राम समनापुर में बाउंड्रीवाल के लिए 7 लाख रुपए, सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 2 लाख, ग्राम बरबसपुर में बिजली पोल शिफ्टिंग के लिए 5 लाख रुपए, शौचालय निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए देने साथ ही ग्राम तीतरी में सामुदायिक हाल के लिए 10 लाख,सिवनिखुर्द में सामुदायिक हाल के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। ग्राम सोनवाही में बालक आश्रम के लिए 10 लाख रुपए को घोषणा की। ग्राम झलमला में बस स्टैंड के लिए हर संभव प्रयास करने का विश्वास दिलाया।

ग्राम शितलपानी में दो अलग-अलग सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 2-2 लाख देने की घोषणा की। ग्राम चिल्फी में सरस्वती शिशु मन्दिर के लिए 7 लाख रुपए, ग्राम बेंदा में सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। ग्राम बोक्करखार के आमापानी मे तेंदूपत्ता फड़ खोलने के घोषणा की। इसके अलावा बोक्करखार, शम्भूपीपर में मंच निर्माण के लिए 3-3 लाख, देने की घोषणा की। इसी प्रकार मुडघुसरी मैदान तक पहुँचमार्ग, बाहपानी से बारहापानी तक, महली घाट सड़क की मांग पर इस आगामी बजट में शामिल कराने की बात कही। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2023 के दिसम्बर माह में हमारी नई सरकार बनी है और सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रधामनंत्री नरेन्द्र मोदी की गांरटी को पूरा किया जा रहा है। राज्य की पहली केबिनेट बैठक में मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए राज्य के 18 लाख परिवारों को पक्का आवास देने का वादा निभाया है।

इसके बाद किसानों को पिछले 2 साल का धान का बोनस दे कर मोदी की गारंटी को निभाया है। इसी प्रकार किसानों से एक और वादा को पूरा करते हुए इसी साल से ही 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा हमने किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 सौ रुपए में देने का वादा किया है, उसे भी पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को धान का 31 सौ रुपए के हिसाब से एकमुश्त राशि एक साथ भुगतान किया जाएगा। हम किसानों को शेष राशि किस्त-किस्त में नही देंगे। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में मोदी की भी गारंटी को पूरा किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने वनांचल क्षेत्रों में निवासरत विशेष पिछड़ी बैगा परिवार के संवाद करते हुए कहा कि आने वाले समय में हमारी सरकार कबीरधाम जिले में निवासरत सभी बैगा परिवारों के लिए पक्का आवास की व्यवस्था करेगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को उनके रहने के लिए पक्का आवास की व्यवथा हो, साथ ही मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सड़क, दूरसंचार, शिक्षा की पूरी व्यवस्था हो इस बात की चिंता कर रही है। विशेष पिछड़ी बैगाजनजाति परिवार को यह सभी मूलभूत सुविधा मिले इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना बनाई गई है। इस योजना का क्रियान्वयन कबीरधाम जिले में भी शुरू हो गई है। आने वाले समय में कबीरधाम जिले सभी बैगा गांव को शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, संतोष पटेल, कैलाश चन्द्रवंशी, मनीराम साहू, मन्तु पोर्ते, सन्तराम धुर्वे, नीतेश अग्रवाल, बृजेश तिवारी, गणेश तिवारी, क्रांति गुप्ता, डॉ टीआर राणा, भुनेश्वर पटले, सीएल भगत व रामप्रसाद बघेल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



**डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने ग्रामीणों के साथ किया भोजन**

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा आज अपने वनांचल प्रवास के दौरान ग्राम बोक्करखार में ग्रामीणों के साथ बैठकर भोजन किया। इस दौरान उन्होने ग्रामीणों से उन्हें शासन द्वारा मिल रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली तथा उनकी समस्याएं भी सुनी



**नेउरगांव खुर्द में आयोजित भागवत कथा में शामिल हुए डिप्टी सीएम**

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा आज शनिवार को ग्राम नेउरगांव खुर्द में आयोजित भागवत कथा में शामिल हुए। उन्होंने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा क्षेत्र की जनता के साथ बैठकर श्रीमद भागवत कथा श्रवण किया। उन्होंने श्रीमद भागवत पुराण पर पुष्प अर्पित करते हुए प्रदेश तथा क्षेत्र की जनता की खुशहाली की कामना की।

# पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए तैयार किया जा रहा मैदानः अश्वनी यदु

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ऐसे कई युवा हैं जो पुलिस भर्ती सहित अन्य फोर्स में सेवा देने तैयारी करते हैं। लेकिन ग्रामीण अंचलों में इसकी सुविधा नहीं होने के कारण वे अपने आपको पूरी तरह तैयार नहीं कर पाते। जिला मुख्यालय कवर्धा से लगे ग्रामीण अंचल के युवा तो फिर भी जिला मुख्सालय पहुंचकर यहां पुलिस प्रशासन द्वारा संचालित एकेडमी में दखिला लेकर अपनी तैयार कर लेते हैं। लेकिन कवर्धा शहर से दूर खासकर कुंडा, दामापुर, कोलेगांव, धौराबांध जैसे क्षेत्र के युवाओं के लिए ऐसा कर पाना संभव नही है। दूर से गए युवाओं को रहने, खाने पीने में काफी परेशानी होती है। गरीब परिवार के बच्चों को आर्थिक परेशानी के कारण कवर्धा में रह कर इस तरह की तैयारी कर पाना संभव नहीं है। युवाओं की इसी परेशानी को देखते हुए पंडरिया जनपद के सदस्य अश्वनी यदु द्वारा विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम दामापुर के पास जैतपुरी उन्होने बताया कि इस मैदान में सारी सुविधाएं तैयार हो रही है, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, 400 मीटर दौड़ हेतु ट्रैक अंतिम रूप ले रहा है। श्री यदु ने बताया कि ट्रेनिंग के लिए जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा सहयोग प्रदान करने की बात कही गई है। युवाओं को रिटर्न परीक्षा की भी प्रतिदिन तैयारी कराई जाएगी और क्षेत्र के शिक्षकों द्वारा प्रत्येक माह के रविवार को रिटर्न परीक्षा ली जाएगी ताकि विद्यार्थियों की कमियों को दूर किया जा सके। आगे अश्वनी यदु ने बताया कि ये सभी सुविधाओं विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। व्यवथाएं मुफ्त रखी जायेगी सिर्फ रिटर्न परीक्षा में लगने वाली सामग्री युवाओं को खुद लाना होगा।



# डिप्टी सीएम शर्मा का प्रशासनिक कसावट पर जोर

## कहा आवेदन फैकना नहीं साहब निराकरण करना है

- गांवों में जन-चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कहते हैं कि ये वक्त-वक्त की बात है कि वक्त नहीं बदलता लेकिन वक्त बदलते भी वक्त नहीं लगता। एक वक्त था जब भाजपा के युवा नेता विजय शर्मा विपक्ष में रहते हुए सिर्फ जिला पंचायत के सदस्य थे। वे जिला पंचायत सदस्य तथा विपक्षी दल के जन नेता होने के नाते अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को लेकर हमेशा से सर्किय रहे हैं। लेकिन उस समय जिले के विभागीय तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने विपक्षी दल के नेताओं द्वारा प्रस्तुत की गई आम लोगों की शिकवा शिकायतों को कभी गंभीरता से नहीं लिया। आरोप तो ये भी है कि अधिकारी ऐसी शिकायतों को एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकालने में देरी नहीं करते थे, वहीं प्रस्तुत आवेदनो और शिकायदों को बगैर पढ़े ही किनारे कर देते थे। कई बार तो अधिकारियों के इस बर्ताव को देखते हुए शिकायत कर्ताओं और अधिकारियों के बीच कहा सुनी तक हो जाती थी। लेकिन आज वक्त बदल गया है। विधानसभा चुनाव के पूर्व तक जिला पंचायत सदस्य रहे विजय शर्मा अब न सिर्फ कवर्धा विधानसभा के विधायक है बल्कि उन्हें प्रदेश का डिप्टी सीएम भी बनाया गया है और शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने मंत्री मण्डल का विस्तार करते हुए उनकी ताकत और ज्यादा बढ़ाते हुए उन्हें प्रदेश का गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के साथ अन्य विभागों का मंत्री बना दिया है।

निश्चित रूप से इस पदोन्नति के बाद आज विजय शर्मा प्रदेश सरकार में दूसरे नम्बर के पावर फुल नेता बन गए है। अपनी इन नई जिम्मेदारियों और दायित्वों के साथ बीते शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विजय शर्मा पहली बार विधानसभा कवर्धा के ग्रामीण व वनांचलों के दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान विजय शर्मा ने कई ग्रामों में पहुंचकर वकायदा जमीन में बैठक कर ग्रामीणों की चौपाल लगाई और उनकी समसएं सुनी। इस दौरान जिले के कई प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारी भी जमीन पर बैठे नजर आए। जिन्हे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इशारों-इशारों में यह भी बताने व समझाने का प्रयास किया कि अब अफसरशाही नहीं चलेगी। अधिकारियों को जमीन पर उतरकर अपनी जिम्मेदारियों व दायित्वों का निर्वहन भी करना होगा। इस दौरान श्री शर्मा ने कई अधिकारियों की चुटकी लेते हुए तथा उन्हें ग्रामीणों के आवेदन थमाते हुए यह भी कहा कि साहब इन आवेदन को पहले की तरह फेंकना नहीं है बल्कि इसमें दर्ज समस्या का निर्धारित समय सीमा में निराकरण कर संबंधित को अवगत भी कराना है। विभिन्न ग्रामों में आयोजित डिप्टी सीएम की इन चौपालों में ग्रामीणों की कई समस्याओं का स्थल पर ही निराकरण किया गया। कुल मिलाकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा की प्रारंभिक कार्यशैली को देखते हुए कहा जा सकता है कि वे अफसरशाही बर्दास्त करने के मूड़ में नहीं है यही वजह है कि उन्हें प्रशासनिक कसावट की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए है।



# संविधान के अनुसार सरकार चले और कानून के हिसाब से व्यवस्थाएंः गृह मंत्री

- मंत्री पद मिलने के बाद मीडिया से रूबरू हुए उप मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा के विधायक और प्रदेश उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश का गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान प्रौद्योगिक मंत्री बनाए जाने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने मुखिया ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है और वे अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ताकत के साथ करेंगे।

उन्होने कांग्रेस शासन काल के दौरान जेल भेजे जाने और अब प्रदेश सरकार में जेल मंत्री बनाए जाने के एक सवाल पर हंसी ठिठोली करते हुए कहा कि शायद जेल जाने के अनुभव के आधार पर ही उन्हें जेल मंत्री बनाया गया है। लेकिन बाद में उन्होने कहा कि क्योंकि गृह विभाग के साथ जेल विभाग जुड़ा होता है इसलिए उन्हें जेल विभाग मिला है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में कानून व्यवस्था चौपट थी कांग्रेस के नेता कानून को अपनी जेब में लेकर घूमते थे।

सरेआम पुलिस कर्मी के गाल में चांटा मारा जाता था लेकिन एफआईआर तक नहीं होती थी। सरेआम गुंडागर्दी की जाती थी। हमारा प्रयास होगा कि हम कानून व्यवस्था को बेहतर करें और सरकार संविधान के अनुसार तथा व्यवस्थाएं कानून के हिसाब से चलें।

### जुनवानी जंगल में मनाई गई बाबा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्राम पंचायत कटंगी कला के आश्रित ग्राम जुनवानी जंगल में गत दिनो गुरु घासीदास जयंती मनाई गई। उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। संत गुरू ने लोगों को अहिंसा का पाठ पढ़ाया था। लोगों को सच्चाई के मार्ग पर चलने, छुआ-छूत मिटाने की दिशा में काम किया। जो उस दौर में एक अभिनव पहल थी। इस अवसर पर नरेन्द्र मानिकपुर प्रदेश कार्यकरणी सदस्य किसान मोर्चा भाजपा, बिहारी धुर्वे जिला संतोष साहू आदि उपस्थित थे।

**शामिल होंगे डिप्टी सीएम विजय शर्मा, आयोजित किए जाएंगे कई कार्यक्रम**

# डड़सेना कलार समाज का वार्षिक सम्मेलन कवर्धा में आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

डड़सेना कलार समाज द्वारा रविवार को कवर्धा नगर के सरदार पटेल मैदान में वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम में युवक-युवती परिचय सम्मेलन, डड़सेना गौरव सम्मान, प्रतिभा सम्मान का आयोजन जिला स्तर पर किया जाएगा साथ ही समाज के आराध्य देव भागवन श्री सशस्त्र बाहु अर्जुन के नाम से रायपुर रोड तिराहा महेन्द्रा शोरूम के समाने चौक का भूमिपूजन किया जाएगा। वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा शामिल होंगे। डड़सेना कलार समाज के जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि डड़सेना कलार समाज अपनी समाजिक परमंपराओं का निर्वहन करते हुए समाज को शसक्त व मजबूत बनाने, धन व समय की बचत के लिए नगर के हृदय स्थल सरदार पटेल मैदान में प्रथम बार विशाल रूप से सामजिक आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिले के 116 गांव के सामाजिक स्वजाति जन एवं आस पास के जिलों से हजारों की संख्या में स्वजाति एकत्र होंगे।

जिसमें समाज के 10वी एंव 12वी के 50 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान तथा समाज को गौरवान्ति करने वाले 26 समाजिक व्यक्तियों को डड़सेना गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं जिला अध्यक्ष अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला सनत जायसवाल, उपाध्यक्ष जिला भाजपा कैलाश चन्द्रवंशी, जिला डड़सेना कलार समाज बिलासपुर अशोक जायसवाल, अपर आयुक्त नगर निगम बिलासपुर राकेश जायसवाल एवं जिले के स्थानीय परिक्षेत्र अध्यक्ष बद्री जायसवाल, बृजनंदन जायसवाल, भूपत जायसवाल, श्याम लाल जायसवाल, शामिल होंगे तथा कार्यकम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रूपेन्द्र जायसवाल करेंगे।



श्री जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 10.00 बजे से 11.00 बजे तक भगवान श्री सशस्त्र बाहु अर्जुन चौक का भूमिपूजन 11.15 बजे से 11.45 बजे तक दीप प्रज्वलन एंव सशस्त्र बाहु की महाआरती, 11.45 बजे से 12.30 बजे तक जिला एंव परिक्षेत्र पदाधिकारियों का स्वागत एंव अभिनंदन 12.30 बजे से 2.00 बजे तक प्रतिभा सम्मान, डड़सेना गौरव सम्मान, 2.00 बजे से 3.00 बजे तक युवक-युवती परिचय सम्मेलन, 3.00 बजे से 4.30 बजे तक मुख्य अतिथि विजय शर्मा एंव आमंत्रित समस्त अतिथियों सम्मान एवं उद्बोधन आर्शीवाद का कार्यकम होगा।

# आस्था समिति ने वनांचल ग्राम छिंदीडिह में लगाया एक दिवसीय बैगा बाल मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आस्था समिति द्वारा 28 दिसम्बर को जिले के पंडरिया विकासखंड में स्थित मैकल पर्वत श्रेणी के सुदुर वनांचल ग्राम छिंदीडिह में एक दिवसीय बैगा बाल महोत्सव आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बैगा बच्चों का पर्यावरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, बाल संरक्षण एवं संस्कृति विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में श्रीमती गायत्री सिंह डायरेक्टर आरोहण समाज सेवी समिति दुर्ग, संपूर्णा महिला समिति भिलाई रेणु श्रीखंडे, शोभा यादव, शुभ्रा बाला, रागिनी अग्रवाल संपूर्णा समिति तालपुरी भिलाई, गुरुमीत कौर धनयी दुर्ग, तथा राजीव अवस्थी एवं संदीप प्रकृति सेवा समिति बिलासपुर, दौलत राम कश्यप, क्षमा कश्यप, उमाशंकर कश्यप, राजेश गोयल, सम्पूरन वर्मा, आशिश कुमार,, सेमलाल बैगा, धनसिंह बैगा, सुकरसिंह बैगा, श्रीमती बती बाई, राजकुमार बैगा की उपस्थिति थी। कार्यक्रम में गायत्री सिंह ने बताया गया कि शासन के द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजना, सामान्य बीमारी की घरेलू उपचार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। राजीव अवस्थी अध्यक्ष प्रकृति संरक्षण समिति ने पर्यावरण के संरक्षण, किचन गार्डन और स्थानीय जीविकोपार्जन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। वहीं सपूर्णा महिला समिति के द्वारा छिंदीडिह के ग्रामीण बैगाओ को साल, कपड़ा का वितरण किया गया, बैगा नृत्य प्रस्तुति करण किया गया। बैगाओ ने स्थानीय प्रदर्शनी लगाया गया, जिसका अवलोकन अतिथियों के द्वारा किया गया।

